


Moorebank Intermodal Precinct (MIP) ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों में से एक है, जो माल ढुलाई को सड़क से रेल पर स्थानांतरित करके, लागतें कम करके, उत्सर्जन में कटौती करके और वितरण दक्षता में सुधार करके राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को रूपांतरित करने के लिए तैयार है।

## Kmart Group, Moorebank Intermodal Precinct से जुड़ता है

पिछले महीने Moorebank Intermodal Precinct के सहभागियों ने Kmart एवं Target के CEO John Gualtieri और डिप्टी प्रीमियर तथा वेस्टर्न सिडनी के लिए मंत्री महोदय के साथ मिलकर यह घोषणा की कि Precinct पर Kmart Group एक नए 100,000 वर्गमीटर के Omnichannel Fulfilment Centre को स्थापित करेगा।

2027 के मध्य में खुलने हेतु तैयार, यह अत्याधुनिक सुविधा-केन्द्र अधिक शीघ्र डिलीवरी समय, और अधिक कुशल इन्वेंट्री प्रबंधन और ऑनलाइन व इन-स्टोर दोनों चैनलों पर एक सहज ग्राहक अनुभव को सक्षम करके Kmart Group के राष्ट्रीय विकास का समर्थन करेगा।

हमें Moorebank Intermodal Precinct पर Kmart Group का स्वागत करने और ऑस्ट्रेलियाई रिटेल की आपूर्ति श्रृंखलाओं की अगली पीढ़ी का निर्माण करने में भूमिका अदा करने पर गर्व है।

नीचे: ESR A&NZ के अध्यक्ष John Marsh; नेशनल इंटरमोडल CEO John Baulderstone; NSW डिप्टी प्रीमियर Prue Car; Kmart और Target के CEO John Gualtieri; तथा ESR A&NZ के Phil Pearce.






## Moorebank Avenue Realignment स्मोकिंग सेरेमनी




29 मई को, हमने Moorebank Avenue Realignment पर काम शुरू करने के लिए स्मोकिंग सेरेमनी की अगवाई करने के लिए मेट्रोपॉलिटन लोकल एबोरिजिनल लैंड काउंसिल के Raymond Weatherill का Precinct में स्वागत किया। माना जाता है कि इस सार्थक रीति-रिवाज़ में शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों तरह के शुद्धिकरण करने के गुण होते हैं - बुरी आत्माओं दूर भागती हैं और भूमि पर चलने और काम करने वालों की रक्षा होती है।

Moorebank Avenue Realignment परियोजना के लगभग 18 महीने तक चलना निर्धारित है। एक बार पूरा हो जाने पर, पुनर्संरेखित सड़क यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करेगी और मोटर चालकों, साइकिल चालकों और पदयात्रियों के लिए सुरक्षा में सुधार करेगी।

ऊपर: Uncle Raymond Weatherall,
मेट्रोपॉलिटन लोकल एबोरिजनल लैंड काउंसिल

Moorebank Intermodal Precinct

## संचालन और निर्माण कार्य के घंटे

Intermodal Facility (आयात निर्यात टर्मिनल, Rail Link और वेयरहाउसिंग सहित) के स्वीकृत संचालन घंटे सप्ताह में 7 दिन, 24 घंटे हैं।

### निर्धारित समय के बाद कार्य

हमारे काम आम तौर पर मानक निर्माण घंटों के भीतर किए जाते हैं, हालांकि कुछ गतिविधियां या अनिवार्य परिस्थितियां हो सकती हैं जिनके लिए समुदाय, सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय व्यवसायों पर प्रभाव को कम करने के लिए कार्य समय के घंटों से बाहर काम करने की आवश्यकता होगी।

इन कार्यों के बारे में www.moorebank.au के माध्यम से पहले से ही सूचित किया जाएगा और प्रभावित निवासियों और व्यवसायों को लेटरबॉक्स ड्रॉप द्वारा सूचित किया जाएगा।

**स्वीकृत मानक निर्माण कार्य घंटे हैं:**

**Moorebank Precinct East**
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक
शनिवार: सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक

**Moorebank Precinct West**
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक
शनिवार: सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक

## संपर्क करने के लिए

उपरोक्त किसी भी मामले के संबंध में संपर्क करने, जानकारी का अनुरोध करने या शिकायत करने के लिए:

Level 15, 207 Kent Street,
Sydney, NSW, 2000

1800 986 465 (24/7)

moorebank@tsariley.au

